बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

क्रमांक-2177/अकादमी/दीक्षांत/2022 भोपाल दिनांक 03.08.2022

- अधिसूचना -

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान भवन में दिनांक 07.09.2022 को प्रातः11.00 बजे आयोजित किया जायेगा ।

दीक्षांत समारोह में सत्र 2020-21 से संबंधित पात्र विद्यार्थियों को उपाधि/स्वर्ण पदक /मैरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाऐगें, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

(1) डी.लिट./डी.एससी./पीएच.डी. उपाधिः- जिन शोधार्थियों की उपाधि संबंधी अधिसूचना अकादमिक सत्र 2020-21 में दिनांक 01 जुलाई 2020 से 30 जून 2021 तक की अवधि में जारी हो चुकी है तथा जिन्होनें अभी तक उपाधि (डिग्री) प्राप्त नहीं की है वे शोधार्थी ही इस सत्र में उपाधि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पात्र होगें ।

(2) स्वर्ण पदकः- विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी संकायों के वे स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो सत्र 2020-21 की परीक्षाओं में विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित स्वर्ण पदक की पात्रता रखते है । (सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें)

(3) मेरिट प्रमाण-पत्रः- सत्र 2020-21की स्नातकोत्तर परीक्षाओं में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी (जिन्होंने अभी तक प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया है) ही प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के पात्र होगें।

(4) अन्यः- इसके अतिरिक्त आलोच्य सत्र के उन सभी आवेदकों के लिये जिन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिये अपना पंजीयन करवाया है, दीक्षांत समारोह के समापन के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (सत्यभवन) से उपाधि प्रमाण-पत्र प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी ।

सभी इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिशः इस समारोह में उपस्थित हो कर उपाधि/स्वर्ण पदक/मेरिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित (ऑन-लाइन) आवेदन प्रपत्र में निर्धारित शुल्क के साथ अपना आवेदन दिनांक 30.08.2022 तक एवं निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 02.09.2022 तक प्रस्तुत कर सकते है । ऑनलाइन आवेदन करते समय अपना ई-मेल आई.डी. तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिखें।

अपूर्ण आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा ।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं दीक्षांत समारोह में भाग लेने संबंधी अन्य सभी दिशा-निर्देश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वेबसाइट- www.bubhopal.ac.in पर अवलोकित किये जा सकते हैं ।

(क) शुल्कः- पंजीयन शुल्क रू0 200.00, (उपाधि का मूल शुल्क रूपये 300.00 मेरिट प्रमाण-पत्र मूल शुल्क रूपये 100.00 अतिरिक्त देय होगा) विलम्ब शुल्क रूपये 100.00 (पोर्टल शुल्क अतिरिक्त देय होगा)

(ख) सम्पर्कः- मित्र कार्यालय फोन न. 0755-2517200 सहायक कुलसचिव परीक्षा 0755-2517037 डॉ. नन्दन त्रिपाठी आई.टी. प्रभारी फोन न. 0755-2517078

नोट - आवेदन सिर्फ आनॅलाइन ही मान्य किये जाएगें ।

आदेशानुसार,

कुलसचिव,

भोपाल दिनांक03.08.2022

पृ.क्रमांक-2178 /अकादमी/दीक्षांत/2022

प्रतिलिपिः-

1. सर्व संबंधितों को सूचनार्थ ।
2. महामहिम कुलाधिपतिजी एवं राज्यपाल के प्रमुख सचिव राजभवन मध्य प्रदेश भोपाल ।
3. माननीय मंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
4. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
5. आयुक्त, उच्च शिक्षा म.प्र., सतपुड़ा भवन, बी-विंग, भोपाल ।
6. कुलपतिजी के निज सचिव ।
7. कुलसचिव के निज सहायक ।
8. विभागाध्यक्ष/संचालक, विश्वविद्यालय, के समस्त शैक्षणिक विभाग एवं संस्थान ।
9. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी ।
10. प्रभारी, आई.टी.प्रकोष्ठ,बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने के आशय से ।
11. प्रो.डी.सी. गुप्ता, समन्वयक दीक्षांत समारोह ।
12. संपादक जी, दैनिक ------------------- की ओर आपके लोकप्रिय दैनिक में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ ।
13. प्रभारी, जनसंपर्क को ओर अधिसूचना को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने के आशय से ।
14. नस्ती प्रति ।

उप-कुलसचिव (अकादमी)